**भारत का प्रधान कौंसुलावास**

**फ्रैंकफर्ट**

*******

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

फ्रैंकफर्ट में भारत के प्रधान कौंसुलावास में 14 सितंबर 2020 को 'हिंदी दिवस' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान कौंसुल डॉ. अमित तेलंग ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रसारित संदेश पढ़ा। मुख्य अतिथि श्री राम यादव जी ने, जो रेडियो डॉयचे वेले की हिंदी सेवा के प्रमुख रह चुके हैं, 'स्वतंत्र भारत में हिंदी भाषा की स्थिति' पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में हिंदी प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी था, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हिंदी दिवस पर आयोजित निबंध और कविता प्रतियोगिता भी रखी गयी थी। निबंध का विषय था 'आत्मनिर्भर भारत'। कार्यक्रम के दौरान विजयी प्रतिभागियों के नाम घोषित हुए तथा चुनिंदा प्रविष्टियों का अनुवाचन किया गया।

कार्यक्रम का आकर्षण रहा डुइसबर्ग-ऐस्सेन विश्वविद्यालय के भारतीय छात्रसमुह द्वारा मंचित ऑनलाइन लघुनाटिका, जिसमें बोलचाल की हिंदी भाषा का महत्व अनूठे ढंग से दर्शाया गया।

***

**14.09.2020**